ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 11.11.2020

- **मिशन शक्ति,नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वालम्वन के अन्तर्गत नगर निगम,शाहजहाँपुर द्वारा" शुभ दीपावली" के शुभ अवसर पर आज दिनांक 11.11.2020 को गाँधी भवन,शाहजहाँपुर में नारी शक्ति का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

- **राजकीय बाल शिक्षा दिवस के अन्तर्गत नवम्बर माह के दूसरे सप्ताह में चाइल्ड हेल्प लाइन दोस्ती का कार्यक्रम आज नगर निगम,शाहजहाँपुर में विभिन्नि स्कूलो के बच्चो ने अधिकारियो एवं कर्मचारियो के हाथ पर बैंड बांध कर अधिकारियो एवं कर्मचारियो से भविष्य में सहायता करने हेतु की गई अपील।**

1– मिशन शक्ति,नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वालम्वन के अन्तर्गत नगर निगम,शाहजहाँपुर द्वारा" शुभ दीपावली" के शुभ अवसर पर आज दिनांक 11.11.2020 को गाँधी भवन,शाहजहाँपुर में नारी शक्ति का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नगर निगम में काम करने वाली 150 से अधिक महिला अधिकारियो एवं कर्मचारियो का सम्मान जिलाधिकारी महोदय द्वारा किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यक्रम मे उपस्थित सभी सम्मानित महिलाओ को दीपावली की हार्दिक शुभ कामनाये दी गई और सभी से अपील करते हुये कहा कि इस दीपावली में सभी लोग अपने घरो पर दीप जलाकर घरो को रोशन कर त्यौहार मनाये। इस मौके पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी को सम्मान स्वरूप सरसो का तेल, दीपक और बाती दिया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी से अपील की गई कि माटीकला उधोग को बढ़ावा देने के लिये मिटटी के बने दीयो से दीपावली मनावे, जिससे आत्म निर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। इस मौके पर प्रशासक/जिलाधिकारी महोदय के साथ नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0 सिंह, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती,मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, एवं सभी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक तथा सफाई नायक,सहायक सफाई नायक उपस्थित रहे।

2– राजकीय बाल शिक्षा दिवस के अन्तर्गत नवम्बर माह के दूसरे सप्ताह में चाइल्ड हेल्प लाइन दोस्ती का कार्यक्रम आज नगर निगम,शाहजहाँपुर में विभिन्नि स्कूलो के बच्चो ने अधिकारियो एवं कर्मचारियो के हाथ पर बैंड बांध कर अधिकारियो एवं कर्मचारियो से भविष्य में सहायता करने हेतु की गई अपील। इस मौके पर उपनगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे द्वारा बच्चो के इस कार्य की सराहना करते हुये सभी बच्चो को गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सहायक नगर श्रीमती रश्मि भारती एवं श्री अंगद गुप्ता श्री सैफ सिददीकी,डी0पी00एम0, मो0 ज़मन,लिपिक,अमरदीप,लिपिक उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर

Generated by CamScanner